[illegible]

**Sl. No. :**

नामांक **Roll No.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|

यहाँ से काटिए

No. of Questions — 28

No. of Printed Pages — 7

# S—121—Hindi (D & D)

## माध्यमिक (मूक-बधिर) परीक्षा, 2021

## हिंदी

समय : $4\frac{1}{4}$ घंटे

पूर्णांक : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

(4) जिन प्रश्नों के 1, 2, 3, 4 भाग हैं, उन सभी का हल एक साथ सतत् लिखें ।

## खण्ड - अ

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

स्वतंत्र भारत का संपूर्ण दायित्व आज विद्यार्थियों के ऊपर है क्योंकि आज जो विद्यार्थी हैं वे ही कल, स्वतंत्र भारत के नागरिक होंगे। भारत की उन्नति और उत्थान उन्हीं की उन्नति और उत्थान पर निर्भर करती है । अतः विद्यार्थियों को अपने भावी जीवन का निर्माण बड़ी सतर्कता और सावधानी से करना चाहिए। उन्हें प्रत्येक क्षण अपने राष्ट्र, अपने समाज, धर्म का बल प्राप्त हो सके। जो विद्यार्थी राष्ट्रीय दृष्टिकोण से अपने जीवन का निर्माण नहीं करते, वे राष्ट्र और समाज के लिए भार स्वरूप होते हैं।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 2

(ii) भारत का संपूर्ण दायित्व विद्यार्थियों पर क्यों है ? 2

(iii) विद्यार्थियों को अपने जीवन का निर्माण कैसे करना चाहिए ? 2

(iv) कौन भविष्य में स्वतंत्र भारत के नागरिक होंगे ? सही विकल्प चुनकर लिखिए : 2

(अ) विद्यार्थी (ब) शिक्षक

(स) अधिकारी (द) कर्मचारी ।

**अथवा**

नेहरूजी ने एक सभा में भाषण देते हुए इस बात पर बल दिया था कि छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों का महत्त्व भी समझना चाहिए। खेल शिक्षा का एक महत्त्वपूर्ण अंग है। खेद है कि आप खेलों की आवश्यकता को खूब समझते हैं पर खेल-सामग्री के अभाव की ओर कभी आपका ध्यान नहीं गया। खेलों के अनेक लाभ हैं। ये स्वास्थ्य के लिए बड़े उपयोगी हैं। खेल अनुशासन, समय-पालन, सहयोग तथा सद्भावना का भी पाठ पढ़ाते हैं।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 2

(ii) खेल किसका महत्त्वपूर्ण अंग है ? 2

(iii) खेलों से क्या लाभ है ? 2

(iv) किसने खेलों के महत्त्व को समझने की सलाह दी ? सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(अ) नेहरूजी ने (ब) गाँधीजी ने

(स) सुभाषचन्द्र बोस ने (द) इन्दिरा गाँधी ने । 2

2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

वीर जवानों सुनो तुम्हारे सम्मुख एक सवाल है।
जिस धरती को तुमने सींचा
अपने खून-पसीनों से,
हार गई दुश्मन की गोली
वज्र-सरीखे सीनों से ।
जब-जब उठी तुम्हारी बाहें होता वश में काल है।
जिस धरती के लिए सदा
तुमने सब कुछ कुर्बान किया,
शूली पर चढ़-चढ़, हँस-हँस कर
काल-कूट का पान किया ।
जब-जब तुमने कदम बढ़ाया, हुई दिशाएँ लाल हैं ।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । 2

(ii) कदम बढ़ाने पर दिशाएँ कैसी हुई हैं ? 2

(iii) धरती को किससे सींचा गया है ? 2

(iv) काव्यांश में 'सीने' को किसके समान बताया गया है ? निम्नांकित विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए : 2

(अ) फूल (ब) वज्र

(स) कागज (द) मिट्टी ।

**अथवा**

कुछ काम करो, कुछ काम करो,
जग में रहकर कुछ नाम करो ।
यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो,
समझो जिससे यह व्यर्थ न हो ।
कुछ तो उपयुक्त करो तन को,
नर हो, न निराश करो मन को ।।
संभलो कि सुयोग न जाय चला,
कब व्यर्थ हुआ सदुपाय भला ।
पथ आप प्रशस्त करो अपना ।
अखिलेश्वर है अवलम्बन को,
नर हो न निराश करो मन को ।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 2

(ii) प्रस्तुत पद्यांश में 'अखिलेश्वर' शब्द का क्या अर्थ है ? 2

(iii) 'पथ आप प्रशस्त करो अपना,'' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। 2

(iv) 'जन्म' शब्द का विलोम है

(अ) जीवन (ब) मरण

(स) उद्भव (द) जीव । 2

## खण्ड - ब

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर 15 पंक्तियों में निबन्ध लिखिए : 10

(अ) होली

(ब) हमारे राष्ट्रीय पर्व

(स) स्वच्छता का महत्त्व

(द) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ

(य) आदर्श विद्यार्थी जीवन

4. स्वयं को जिला शिक्षा अधिकारी, मथुरा, मानते हुए एक कार्यालयी पत्र प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मथुरा को कोविड-19 से बचाव हेतु विभिन्न आवश्यक कार्य करने हेतु निर्देशित करते हुए लिखिए। 6

**अथवा**

स्वयं को राजेश कुमार, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, झाँसी, का छात्र मानते हुए अपने प्रधानाचार्य को बीमारी के कारण तीन दिन का अवकाश प्रदान करने हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए।

## खण्ड - स

5. निम्नलिखित वाक्यों में से 'क्रिया' छाँटकर लिखिए :

(अ) घोड़ा दौड़ता है। 1

(ब) गाय घास चर रही है। 1

6. निम्नलिखित वाक्य में से 'विशेषण' शब्द छाँट कर लिखिए :

मेरे दादा के पास दो सफेद बैल थे । 1

7. निम्नलिखित वाक्यों में से 'कारक' छाँटकर लिखिए :

(अ) चन्द्रेश दूरबीन से पहाड़ देखता है। 1

(ब) सैनिक देश की रक्षा के लिए बलिदान हो गए। 1

8. 'मेरे पिताजी कल आँएगे ।'

उपर्युक्त वाक्य किस 'काल' का उदाहरण है ?

'काल' का नाम लिखिए। 1

## खण्ड - द

9. निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

बूझत स्याम कौन तू गोरी।
कहाँ रहति काकी है बेटी, देखी नहीं कबहूँ ब्रज-खोरी ।।
काहो को हम ब्रज-तन आवति, खेलत रहति आपनी पोरी ।
सुनत रहति स्त्रवननि नंद ढोटा, करत फिरत माखन दधि चोरी ।।
तुम्हरो कहा चोरि हम लैहैं, खेलन चलो संग मिलि जोरी ।
सूरदास प्रभु रसिक सिरोमनि, बातनि भुरई राधिका भोरी ।।

(अ) उपर्युक्त पद में 'गोरी' संबोधन किसके लिए किया है ? 2

(ब) उपर्युक्त पद में 'रसिक सिरोमनि' किसे कहा गया है ? 2

**अथवा**

कारज सरै न कोय, बल प्राक्रम हिम्मत बिना ।
हलकार्‌यां की होय, रंगा स्याळां राजिया
उपजावै अनुराग, कोयल मन हरखत करै ।।
कडवौ लागै काग, रसना रा गुण राजिया ।।

(अ) कवि के अनुसार किसके अभाव में कार्य सिद्ध नहीं होता है ? 2

(ब) कवि ने वाणी का क्या गुण बताया है ? सही विकल्प चुनकर लिखें। 2

10. 'भृगुसुत' से क्या तात्पर्य है ?

(अ) परशुराम (ब) विश्वामित्र

(स) लक्ष्मण (द) राम । 1

11. 'सुरचाप' का अर्थ है

(अ) देवता (ब) बादल

(स) इन्द्रधनुष (द) वायु । 1

12. कवि 'देव' का जन्मस्थान है

(अ) इटावा (ब) मथुरा

(स) सौरों (द) रूनकता । 1

रिक्त स्थान की पूर्ति कर सम्पूर्ण वाक्य को उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

13. कवि 'देव' ने नेत्रों को .................... के समान बताया है । ( मधुमक्खी / मछली ) 1

14. दूध एवं जल को .................... पृथक कर देता है । ( मयूर / राजहंस ) 1

15. 'मातृ-वन्दना' कविता में कवि ने 'माँ' का प्रयोग किसके लिए किया है ? 2

16. 'चतुरंग' से क्या तात्पर्य है ? 'ऋतु वर्णन' कविता के आधार पर लिखिए । 2

17. निम्नलिखित में से किसी एक कवि का जीवन परिचय लिखिए : 3

(अ) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

**अथवा**

(ब) जयशंकर प्रसाद

18. 'लक्ष्मण-परशुराम संवाद' का सारांश लिखिए । 5

**अथवा**

'बसन्त-ऋतु' के सौन्दर्य पर टिप्पणी लिखिए ।

19. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

रहे पण्डित शीलदावानल नीति-दर्पण। इनके गुण अपार हैं। समय थोड़ा है, इस हेतु थोड़ा-सा आप लोगों के आगे इनका वर्णन किया जाता है। ये महाशय बाल-ब्रह्मचारी हैं। अपनी आयु भर नीतिशास्त्र पढ़ते-पढ़ाते रहे हैं। इनसे नीति तो बहुत से महात्माओं ने पढ़ी थी परंन्तु वेणु, बाणासुर, रावण, दुर्योधन, शिशुपाल, कंस आदि इनके मुख्य शिष्य थे और अब भी कोई कठिन काम आकर पड़ता है तो अँगरेजी न्यायकर्त्ता भी इनकी अनुमति लेकर आगे बढ़ते हैं।

(अ) पण्डित शीलदावानल के गुण बताइए । 2

(ब) पण्डित शीलदावानल के मुख्य शिष्य कौन-कौन थे ? 2

**अथवा**

आवाज कभी मरती नहीं जेलर साहब ! मेरी आवाज का यदि गला घोंटा गया, तो वह जनता की आवाज बन जाएगी और जनता की आवाज कभी दब नहीं सकती, कभी मर नहीं सकती। (सोचकर) फिर शहीदों की जिंदगी तो लुप्त-गंगा की तरह होती है जेलर साहब ! जो कहीं भी, किसी भी धरातल को फोड़कर बह निकलती है। उसे कोई जंजीर, कोई जेल, कोई दीवार, कोई परकोटा बाँध नहीं सकता।

(अ) शहीदों की आवाज क्यों नहीं मरती है ? 2

(ब) शहीदों की जिंदगी को 'लुप्त-गंगा' की तरह क्यों कहा गया है ? 2

सही विकल्प चुनकर लिखें :

20. 'पर्यंक' शब्द का अर्थ है

(अ) पाठशाला (ब) चिकित्सालय

(स) पलंग (द) कुर्सी । 1

21. दुकानदार ने हामिद को पहली बार चिमटे की कीमत कितनी बताई थी ?

(अ) तीन पैसे (ब) छः पैसे

(स) पाँच पैसे (द) चार पैसे । 1

22. सागरमल गोपा ने किस स्वेच्छाचारी राज्य के खिलाफ विद्रोह किया था ?

(अ) बीकानेर (ब) नागपुर

(स) जैसलमेंर (द) जोधपुर । 1

रिक्त स्थान की पूर्ति करें :

23. शकुंतला ने ................ से दुर्वाक्य कहे । ( दुष्यन्त / कण्व ) 1

24. वेलू गाँधी ने .............. को पत्र लिखा । ( राजू / निखिल ) 1

25. लेखक भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने देवालय बनाने का विचार क्यों त्याग दिया था ? 2

26. भगवान शाक्य मुनि और उनके शिष्य किस भाषा में उपदेश देते थे ? 2

27. निम्नलिखित में से किसी **एक** लेखक का जीवन परिचय लिखिए : 3

(अ) मुंशी प्रेमचन्द

**अथवा**

(ब) लक्ष्मी नारायण रंगा ।

28. द्विवेदी जी ने प्राचीन एवं नवीन शिक्षा प्रणाली में क्या अंतर बताए हैं ? 5

**अथवा**

'सड़क-सुरक्षा' की दृष्टि से वाहन चालक के कोई पाँच कर्त्तव्य लिखिए ।

DO NOT WRITE ANYTHING HERE